प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 18.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 25 मई को आएंगे रांची, जमशेदपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लैटिनम जुबिली कार्यक्रम में होंगे शामिल, रांची में रक्षा राज्य मंत्री करेंगे नागरिक अभिनंदन।**
2. **गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ऑपरेशन सिंदूर के तहत विदेशों में पाकिस्तान के झूठ का करेंगे पर्दाफाश, सेना के भौर्य और पराकम को सलामी देने के लिए कल पलामू, संताल और हजारीबाग में निकालेगी तिरंगा यात्रा।**
3. **सिमडेगा कॉलेज के आकउंट से 31 लाख 65 हजार की अवैध निकासी मामले में जांच तेज, एक हफ्ते में राशि वापस नहीं करने पर आरोपियों के खिलाफ होगा मामला दर्ज।**
4. **जेएससीए अध्यक्ष पद के लिए मतदान जारी, आज देर शाम आएंगे नतीजे।**
5. **आज संग्रहालय दिवस है, पाकुड़ से मिली दसवीं भाताब्दी की ललिता देवी की दुर्लभ मूर्ति रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय में की जाएगी स्थापित।**

****

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 25 मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आएंगे। 25 मई के दोपहर में चेंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे। चौंबर ऑफ़ कॉमर्स जमशेदपुर अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में भाग लेने की अपनी अनुमति प्रदान की है। रांची में शाम पांच बजे स्वर्ण भूमि सभागार डांगरा टोली में लोकसभा अध्यक्ष का भव्य नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इस नागरिक अभिनंदन में रांची शहर के कई संस्थाएं और रांची शहर के विभिन्न गणमान्य लोग और सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

****

ऑपरेशन सिंदूर और भारत के सीमा पर आतंकवाद के खिलाफ निरंतर संघर्ष के संदर्भ में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं। इसमें गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे भी रहेंगे। निशिकांत दूबे एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी, बीजेपी के बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे, जो सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब करने और हाल के पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले प्रॉक्सी आतंकी समूह को उजागर करने में सफल होगी।

****

आतंकवाद के विरूद्ध सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान–स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने करगिल युद्ध में असाधारण बहादुरी का परिचय दिया था। सूबेदार मेजर और मानद कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को न्याय दिलाने का एक निर्णायक कार्य था।

****

सेना के शौर्य और पराकम को सलामी देने के लिए कल तिरंगा यात्रा पलामू, संताल और हजारीबाग प्रमंडल के सभी मंडलों में निकाली जाएगी। 20 मई को कोल्हान और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के मंडलों में यात्रा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा का कहना है कि यह तिरंगा यात्रा देश की रक्षा में लगे जवानों के सम्मान में निकाली जा रही है और जनता को यह संदेश देने का प्रयास है कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

****

रांची विश्वविद्यालय के सिमडेगा कॉलेज के बैंक अकाउंट से 31 लाख 65 हजार रूपये की अवैध निकासी मामले की जांच तेज हो गई है। रांची यूनिवर्सिटी के फाइनेंशियल एडवाइजर अजय कुमार के नेतृत्व में कमेटी मामले की जांच कर रही है। कमेटी की ओर से आरोपियों को एक हफ्ते में राशि वापस करने करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित बैंक और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बता दें कि इस मामले को लेकर कल छात्र संगठनों से कुलपति अजित कुमार सिन्हा से कार्रवाई की मांग की थी।

****

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिशन–जेएससीए चुनाव के लिए मतदान जारी है। अध्यक्ष पद के लिए अजयनाथ शाहदेव और एसके बेहरा के बीच मुकाबला है। आज शाम तक चुनाव के परिणाम जारी हो जाएंगे। बता दें कि पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के निधन के बाद यह पहला चुनाव होने जा रहा है।

****

वर्ल्ड बैंक और एफडी की टीम ने कल देर शाम तक झारखंड के रांची, रामगढ़ और हजारीबाग जिले का भ्रमण किया। इस पांच सदस्यीय टीम का नेतृत्व वॉशिंगटन डीसी से आए सीनियर फिशरीज इंडस्ट्रीज स्टैंडर्ड स्पेशलिस्ट

जूलियन मिलियन ने किया। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में चल रही प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृध्दि योजना की प्रगति और मत्स्य कृषकों के जीवन में आर्थिक स्थिति का जायजा लेना था।

****

सरायकेला खरसावां जिले में नशा मुक्ति को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे हैं।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 86 हजार 7 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

****

आज संग्रहलाय दिवस है। इस मौके पर पाकुड़ से मिली देवी लोलिता की प्राचीन मूर्ति आज रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय में रखी जाएगी। यह मूर्ति पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड के कुलबोना गांव में बासलोय नदी से बालू उठाव के दौरान 14 मई 2024 को मिली थी। मूर्ति की पहचान अग्नि पुराण में वर्णित भगवान शिव की पत्नी ललिता देवी के रूप में की गई है। यह मूर्ति क्लोरिटाइड फाइलाइट से बनी है और झारखंड में इस तरह की स्थापत्य कला की यह पहली मूर्ति है।

**********समाप्त*****************